# मुख्यालय सीमा सड़क महानिदेशालय

# हिंदी दिवस/पखवाड़ा 2025

## संक्षिप्त सचित्र विवरण


# मुख्यालय सीमा सड़क महानिदेशालय
# हिंदी दिवस/पखवाड़ा – 2025 : एक झलक

1. सीमा सड़क संगठन देश के विकास हेतु आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण और उसके रखरखाव के साथ देश के दुर्गम सुदूरवर्ती सीमांत इलाकों को देश की मुख्य धारा के साथ जोड़ने का काम करता है। सीमांत क्षेत्रों में सेना की ऑपरेशनल जरूरतों को पूरा करने के अलावा स्थानीय लोगों को बेहतर संपर्क मार्ग व रोजगार के साधन मुहैया कराने के लिए भी यह संगठन प्रतिबद्ध है।

2. सरकारी काम-काज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग व उसके प्रचार-प्रसार एवं सरकार द्वारा इस बारे में जारी आदेशों के क्रियान्वयन एवं अनुपालन के प्रति भी हम पूरी तरह सजग एवं जागरूक हैं। सीमा सड़क संगठन राजभाषा नीति का अनुपालन एवं हिंदी के प्रचार-प्रसार के प्रति कटिबद्ध है, साथ ही हिंदी के प्रगामी प्रयोग के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं को अमल में लाने के लिए भी पूर्णतया वचनबद्ध है।

3. राजभाषा विषयक आदेशों के अनुपालन एवं क्रियान्वयन के क्रम में समूचे संगठन में दिनांक 14 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस संगठन के अधीनस्थ मुख्यालयों, कृतिक बलों एवं इकाइयों में भी राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त सचित्र विवरण इस प्रकार है :-

(क) <u>उदघाटन समारोह</u> – हिंदी पखवाड़े के उदघाटन समारोह का आयोजन दिनांक 15 सितंबर 2025 को अपराह्न 03:00 बजे ले0 जनरल रघु श्रीनिवासन, पीवीएसएम, वीएसएम, सीमा सड़क महानिदेशक के द्वारा मंगलदीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें अपर महानिदेशक श्री हरेन्द्र कुमार, एवीएसएम, वीएसएम एवं सभी उप महानिदेशक तथा अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए सहायक निदेशक (राजभाषा) ने पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात महानिदेशक महोदय ने अपने संबोधन में उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों का आव्हान करते हुए कहा कि हम अपने दैनिक जीवन में राजभाषा हिंदी को अपनाने में तभी सफल होंगे जब हम बोलचाल की सरल भाषा का प्रयोग करेंगे एवं कठिन शब्दों के प्रयोग से बचेंगे।







क्रमशः पेज 2

महानिदेशक महोदय ने आगे कहा कि हम जो लिखकर कहना चाहते हैं वह आसानी से दूसरे लोगों को समझ में आना चाहिए, यही हमारे पत्राचार का उद्देश्य रहेगा तो हम निश्चित रूप से अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सफल हो सकेंगे। उपर्युक्त कार्यक्रम के बारे में सीमा सड़क महानिदेशक महोदय द्वारा डिजिटल प्लेटफार्म X पर भी संदेश प्रेषित किया गया जिसमें उन्होंने सीमा सड़क संगठन के सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**(ख) <u>हिंदी कार्यशाला</u>** : महानिदेशालय में दिनांक 15, 16 एवं 17 सितंबर 2025 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस 03 दिवसीय कार्यशाला में कर्मचारियों को उनके दिन-प्रतिदिन के कार्यालयीन काम-काज यथा-पत्र, आवेदन पत्र, परिपत्र, अंतर्कार्यालय टिप्पणी, अनुस्मारक, टिप्पण-पत्र, प्रेषण-पत्र, ज्ञापन आदि को हिंदी में तैयार करने का प्रशिक्षण देकर उसका अभ्यास कराया गया। इसके अलावा राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं संवर्धन हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं, प्रशिक्षण पाठयक्रमों की जानकारी देने के साथ-साथ राजभाषा विषयक सांविधानिक उपबंधों की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला में कर्मचारियों को कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने का प्रशिक्षण देकर उसका अभ्यास भी कराया गया, साथ ही कंप्यूटर पर हिंदी में काम करते समय आने वाली सामान्य कठिनाइयों को कैसे दूर किया जाय इसके विषय में भी कार्मिकों को जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को हिंदी टंकण करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से यूनिकोड/मंगल फोन्ट के परिचालन व हिंदी में रोजमर्रा के कार्यालयीन कार्यों को सुगमतापूर्वक संपादित करने का अभ्यास भी कराया गया। इसके अतिरिक्त इस प्रशिक्षण सत्र में कार्मिकों को दैनिक कार्य में सहज अनुवाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा तैयार किए गए "कंठस्थ" सॉफ्टवेयर से अनुवाद करने की जानकारी भी प्रदान की गई।




क्रमशः पेज 3

**(ग) <u>हिंदी विषयक विविध प्रतियोगिताऐं</u> : -** हिंदी कार्यशाला के उपरांत महानिदेशालय में हिंदी भाषी एवं हिंदीतर भाषी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए पृथक-पृथक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है : -

**(अ) <u>हिंदी निबंध प्रतियोगिता</u>** : - दिनांक 18 सितंबर 2025 को हिंदी निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के संचालन हेतु निम्नानुसार निर्णायक मंडल का गठन किया गया : -

पीठासीन अधिकारी- श्री सुनील कुमार, अधीक्षण अभियंता (सि.)
पश्चिम निदेशालय

सदस्य 1- श्री सुदर्शन सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी
अनु एवं सतर्कता निदेशालय

सदस्य 2- श्री हरीश चन्द्र जोशी, वरि. अनुवाद अधिकारी
हिंदी अनुभाग





निर्णायक मंडल ने अपनी निगरानी में प्रतियोगिता संचालित कराई तथा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के उपरांत निम्नांकित कार्मिकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार हेतु संस्तुत किया :-

<u>हिंदी भाषी</u>

1. जीओ-005292एक्स सहा.अधि.अभि. (वि/यॉं) प्रशांत कुमार मीणा — प्रथम
2. जीएस-193043एन प्रवर श्रेणी लिपिक, अरूण कुमार — द्वितीय
3. जीएस-173413एफ मैसन सुरेश राम — तृतीय
4. जीएस-196433एफ कनि.अभि.(वि/या.) मोहम्मद इस्लाम — सांत्वना

<u>हिंदीतर भाषी</u>

1. जीएस-173650एम अवर श्रेणी लिपिक संदीप किसन थोलबरे — प्रथम
2. जीएस-194171एक्स प्रवर श्रेणी लिपिक राउत अशोक महादेव — द्वितीय
3. जीएस-183783पी प्रवर श्रेणी लिपिक विनोद कुमार — तृतीय

क्रमशः पेज 4

(ब) <u>हिंदी टिप्पण/प्रारूपण प्रतियोगिता</u> :- दिनाकं 19 सितंबर 2025 को हिंदी टिप्पण/प्रारूपण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के संचालन हेतु निम्नानुसार निर्णायक मंडल का गठन किया गया :-

पीठासीन अधिकारी- श्री अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता (सिविल) तकनीकी योजना निदेशालय

सदस्य 1- श्री एम. के. शर्मा, अधिशासी अभियंता (सिविल) पूर्व निदेशालय

सदस्य 2- श्री राम निवास कस्वाँ, वरि. अनुवाद अधिकारी हिंदी अनुभाग





निर्णायक मंडल ने अपनी निगरानी में प्रतियोगिता संचालित कराईं तथा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के उपरांत निम्नांकित कार्मिकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार हेतु संस्तुत किया :-

<u>हिंदी भाषी</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जीएस-192235वाई प्रवर श्रेणी लिपिक दीपक कुमार | प्रथम |
| 2. | जीएस-198815के प्रवर श्रेणी लिपिक प्रशांत कुमार सिंह | द्वितीय |
| 3. | जीएस-186889एम कनि.अभि.(सि.) राजीव कुमार | तृतीय |
| 4. | जीएस-179541पी प्रवर श्रेणी लिपिक अशोक ठाकुर | सांत्वना |

<u>हिंदीतर भाषी</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जीएस-189906एम प्रवर श्रेणी लिपिक राहुल शर्मा | प्रथम |
| 2. | जीएस-189836वाई प्रवर श्रेणी लिपिक उरमुडे डी बी | द्वितीय |
| 3. | जीएस-192260एक्स प्रवर श्रेणी लिपिक पाटील निलेश रविन्द्र | तृतीय |

क्रमशः पेज 5

(स) <u>हिंदी टंकण प्रतियोगिता :-</u> दिनाकं 22 सितंबर 2025 को हिंदी टंकण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के संचालन हेतु निम्नानुसार निर्णायक मंडल का गठन किया गया :-

पीठासीन अधिकारी- ले. कर्नल जगदीश एस राजन्नवर
ईजी1/कार्मिक निदेशालय
सदस्य 1- सहा. अधि. अभि. (सि.) नल्ला श्रृव्या,
आरबैट निदेशालय
सदस्य 2- वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी मानव शर्मा,
हिंदी अनुभाग






निर्णायक मंडल ने अपनी निगरानी में प्रतियोगिता संचालित कराई तथा टंकण कार्य का मूल्यांकन करने के उपरांत निम्नांकित कार्मिकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार हेतु संस्तुत किया :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जीएस-200491एल आशुलिपिक शिवम सिंह | प्रथम |
| 2. | जीएस-200402एफ अवर श्रेणी लिपिक अविनाश सिंह | द्वितीय |
| 3. | जीएस-187004वाई प्रवर श्रेणी लिपिक सुशील कुमार | तृतीय |
| 4. | जीएस-195650एल अवर श्रेणी लिपिक अजय कुमार यादव | सांत्वना |

(द) <u>हिंदी भाषण प्रतियोगिता :-</u> दिनाकं 30 सितंबर 2025 को हिंदी भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के संचालन हेतु निम्नानुसार निर्णायक मंडल का गठन किया गया :-

पीठासीन अधिकारी- श्री रविन्द्र नाथ, अधि. अभि. (वि.एवं या.)
ई4 मरम्मत/तक. प्रशा. निदेशालय
सदस्य 1- श्री एम एल कोम, प्रशासनिक अधिकारी
चिकित्सा निदेशालय
सदस्य 2- श्री जयशंकर झा, सहायक अभियंता (सि.)
पूर्व निदेशालय

क्रमशः पेज 6





निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियो के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के उपरांत निम्नांकित कार्मिकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार हेतु संस्तुत किया:-

**हिंदी भाषी**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जीएस-178047एम मार्गदर्शक मनोज कुमार पांडे | प्रथम |
| 2. | जीएस-173413एफ मैसन सुरेश राम | द्वितीय |
| 3. | जीएस-200256एम अवर श्रेणी लिपिक सौरभ श्रीवास्तव | तृतीय |
| 4. | जीएस-184862डब्ल्यू वरि.भ. पर्य. अनिल कुमार मिश्रा | सांत्वना |

**हिंदीतर भाषी**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जीएस-188277एच अवर श्रेणी लिपिक सी एच एन रतनम | प्रथम |
| 2. | जीएस-189836वाई प्रवर श्रेणी लिपिक उरमुडे डी बी | द्वितीय |

4. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सितंबर तिमाही की बैठक दिनांक 23 सितंबर 2025 को अपराह्न 03:00 बजे ब्रिगेडियर पी सतीश वारियर, अध्यक्ष राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सभी निदेशालयों से अधिकारी व कार्यालय प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पत्राचार करने, प्रशिक्षण के मुद्दे के साथ ही निदेशालयों से प्राप्त जून तिमाही की रिपोर्ट की समीक्षा की गई एवं तिमाही के दौरान किए गए पत्राचार के आधार पर प्रतिदिन की औसत से हिंदी में पत्र जारी करने के लक्ष्य निर्धारित किए गए। पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई सहित राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी निदेशालयों के अधिकारियों एवं अनुभाग प्रभारियों को निदेश जारी करते हुए कहा कि तिमाही बैठक के लिए आंकड़ें यथार्थपरक होने चाहिए भले ही वें निर्धारित लक्ष्य से कम हों। साथ ही उन्होंने भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा तैयार किए गए "कंठस्थ" सॉफ्टवेयर से अनुवाद कार्य करने संबंधी फीडबैक मांगी और इसके परिचालन में आ रही कठिनाईयों पर भी चर्चा की।

क्रमशः पेज 7





5. <u>समापन समारोह</u> :- दिनाकं 30 सितंबर 2025 को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें ले० जनरल रघु श्रीनिवासन, पीवीएसएम, वीएसम, सीमा सड़क महानिदेशक महोदय द्वारा हिंदी पखवाड़े में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र पदान किये गये। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमश: रू 1500/-, रू 1200/, रू 1000/- एवं रू 500/- नकद एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के दौरान कर्मचारियों द्वारा सरकारी काम-काज जिसमें मूल टिप्पण व प्रारूपण, आलेखन के अलावा हिंदी में किये गये अन्य मौलिक कार्यो का सत्यापन अधिकारियों की समिति द्वारा किया गया। तदनुसार पात्र कार्मिकों को हिंदी में मूल टिप्पण/आलेखन योजना के तहत निम्नानुसार नकद पुरस्कार महानिदेशक महोदय द्वारा प्रदान किये गये :-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जीएस-183104एन वरि. प्रारूपकार योहन्नान वी सी | - | प्रथम | रू 5000/- |
| 2. | जीएस-199764एन अ. श्रे. लि. आशीष दलाल | - | प्रथम | रू 5000/- |
| 3. | जीएस-186703एक्स प्र. श्रे. लि. सुजीत कुमार | - | द्वितीय | रू 3000/- |
| 4. | जीएस-179541पी प्र. श्रे. लि. अशोक ठाकुर | - | द्वितीय | रू 3000/- |
| 5. | जीएस-185054एच अ. श्रे. लि. रमण कुमार सिंह | - | द्वितीय | रू 3000/- |
| 6. | जीएस-189923एम प्र. श्रे. लि. प्रमोद कुमार | - | तृतीय | रू 2000/- |
| 7. | जीएस-195064एच अ. श्रे. लि. रमेश चन्द गुर्जर | - | तृतीय | रू 2000/- |
| 8. | जीएस-186470एफ प्र. श्रे. लि. प्रवेश कुमार तलन | - | तृतीय | रू 2000/- |
| 9. | जीएस-177328डब्ल्यू प्र. श्रे. लि. राम बृज | - | तृतीय | रू 2000/- |

क्रमश: पेज 8

उपरोक्त के अतिरिक्त सीमा सड़क महानिदेशक महोदय द्वारा हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत जुलाई-नवंबर 2024 सत्र के दौरान पारंगत परीक्षा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के परीक्षा परिणाम संबंधी प्रमाण पत्र भी वितरित किए जिनका विवरण इस प्रकार है :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | जीएस-188520ए कार्यालय अधीक्षक नूतन किशोर | - | रू 10000/- |
| 02 | जीएस-200402एफ अ. श्रे. लि. अविनाश सिंह | - | रू 10000/- |
| 03 | जीएस-200256एम अ. श्रे. लि. सौरभ श्रीवास्तव | - | रू 10000/- |
| 04 | जीएस-177328डब्ल्यू प्र. श्रे. लि. राम बृज | - | रू 7000/- |
| 05 | जीएस-184862डब्ल्यू वरि.भ. पर्य. अनिल कुमार मिश्रा | - | रू 7000/- |
| 06 | जीएस-199764एन अ. श्रे. लि. आशीष दलाल | - | रू 7000/- |
| 07 | जीएस-187853ए अ. श्रे. लि. सुधीर कुमार | - | रू 4000/- |

6. पुरस्कार वितरण समारोह के अंत में सीमा सड़क महानिदेशक महोदय ने हिंदी पखवाड़े में भाग लेने वाले प्रतिभागियों, वर्ष 2024-25 के दौरान सरकारी काम-काज मूल रूप से हिंदी में करने के लिए चलाई जा रही प्रोत्साहन योजना के पुरस्कार विजेताओं तथा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा संचालित हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत जुलाई-नवंबर 2024 सत्र के पारंगत परीक्षाओं में नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले कार्मिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी, साथ ही उन्होंने हिंदी पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु ब्रिगेडियर पी सतीश वारियर, अध्यक्ष राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं आयोजक मंडल के सभी सदस्यों को विशेष रूप से शाबाशी दी।

7. अपने संबोधन में महानिदेशक महोदय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हिंदी अनुभाग द्वारा राजभाषा के प्रति प्रेरक माहौल बनाने के लिए जो गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए वे न केवल सराहनीय है अपितु सही दिशा में उठाए गए अनुकरणीय कदम हैं, जिससे राजभाषा हिंदी के लिए निर्धारित लक्ष्यों की निश्चित रूप से प्राप्ति हो सकेगी। साथ ही उन्होंने इस विषय पर जोर देकर कहा कि हमें राजभाषा हिंदी के लिए सभी स्तर से समावेशी प्रयास करने चाहिए ताकि देश के हर एक भाषा-भाषी कार्मिक राजभाषा की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाते हुए योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि हमें पत्राचार में सरल एवं आम बोल-चाल की भाषा का प्रयोग करना चाहिए ताकि हम सरलता एवं सुगमता से हिंदी पत्राचार हेतु अपने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में कदम उठा सके।

क्रमशः पेज 9

8. इस प्रकार दिनांक 14 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक इस मुख्यालय सहित समूचे संगठन में वातावरण पूरी तरह हिंदीमय रहा।

**Border Roads Organisation** @BROindia · Oct 1

#BROHindiDiwas2025
#हिंदीदिवस2025

मुख्यालय सीमा सड़क महानिदेशालय में हिंदी दिवस 2025 का समापन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन, पीवीएसएम, वीएसएम, डीजीबीआर ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया तथा सरकारी कार्यों में हिंदी के व्यापक उपयोग का आह्वान किया।

जय हिंद

@rajnathsingh
@SethSanjayMP
@SpokespersonMoD
@adgpi
@PIB_India
@PIBHindi
@DDNational
@ANI
@PTI_News
@ians_india



# पुरस्कार वितरण समारोह की झलकियां



लेo जनरल रघु श्रीनिवासन, पीवीएसएम, वीएसएम, सीमा सड़क महानिदेशक सहा.अधि.अभि. (वि/यॉ) प्रशांत कुमार मीणा को हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी भाषी) का प्रथम पुरस्कार प्रदान करते हुए।

लेo जनरल रघु श्रीनिवासन, पीवीएसएम, वीएसएम, सीमा सड़क महानिदेशक महोदय अ.श्रे.लि. **सी एच एन रतनम** को हिंदी भाषण प्रतियोगिता (हिंदीतर भाषी) का प्रथम पुरस्कार प्रदान करते हुए।







लेo जनरल रघु श्रीनिवासन, पीवीएसएम, वीएसएम, सीमा सड़क महानिदेशक प्र.श्रे.लि. अरूण कुमार को हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी भाषी) का द्वितीय पुरस्कार प्रदान करते हुए।

लेo जनरल रघु श्रीनिवासन, पीवीएसएम, वीएसएम, सीमा सड़क महानिदेशक, प्र.श्रे.लि. **उरमुडे डी बी** को हिंदी भाषण प्रतियोगिता (हिंदीतर भाषी) का द्वितीय पुरस्कार प्रदान करते हुए।

